तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 22.5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 3 जून 2026

11 नपा की बावल बाजार में कार्रवाई नालों की सफाई में बाधा बन रहा था अतिक्रमण



12 सरकारी व प्राइवेट आईटीआई में एडमिशन के लिए आवेदन शुरू, पांच हजार से अधिक सीटें



# सिहोर पंप हाउस की जाली में अटका मिला बच्चे का शव, 42 घंटे बाद निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़/कोसली

बव्वा गांव के समीप जेएलएन नहर में रविवार को डूबे बच्चे का शव मंगलवार को घटनास्थल से लगभग अढ़ाई किलोमीटर दूर सिहोर पंप हाउस की जाली में अटका हुआ मिला। मंगलवार सुबह एसडीआरएफ व ग्रामीण युवाओं की टीम नहर में 11 वर्षीय किशोर दुष्यंत की तलाश में आगे बढ़ी, जिसके बाद टीम को सुबह करीब 6:30 बजे किशोर के शव को ढूंढने में कामयाबी मिली। शव मिलने के बाद पुलिस व ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। लापता किशोर दुष्यंत का शव मिलने के बाद तीन दिन तक चले अभियान का पटाक्षेप हो गया। पुलिस ने किशोर के शव को नहर से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए रेवाड़ी नागरिक अस्पताल में भिजवाया है। गत दिवस 20 वर्षीय युवक चंदू उर्फ चंद्रकांत के शव नहर से निकाल लिया गया था। झज्जर के बहू गांव निवासी चंदू अपने भाई मुकेश और 11 साल के



रेवाड़ी। मंगलवार सुबह नहर में बच्चे के शव की तलाश करते युवा। फोटो : हरिभूमि

मामा के लड़के दुष्यंत को साथ लेकर रविवार को जवाहरलाल नेहरू नहर में नहाने के लिए गया था। तीनों बव्वा गांव की बनी में नहर में नहाने के लिए उतरे थे। पानी का बहाव तेज होने के कारण चंदू और दुष्यंत पानी में बह गए, जबकि मुकेश किसी तरह से बच गया। सूचना मिलने के बाद नाहड़ बीडीपीओ अनिल कुमार, एसएचओ कोसली मनोज कुमार और नाहड़ चौकी इंचार्ज अरविंद मौके पर पहुंच गए थे। एसडीएम विजय कुमार भी मौके पर पहुंचे और एसडीआरएफ की टीम बुलाई। रविवार देर शाम तक नहर में खोजबीन करने के बाद भी दोनों का पता नहीं चल सका था। गांव के गोताखार युवकों ने भी काफी प्रयास किए। एसडीआरएफ की टीम ने सोमवार को फिर से सर्च अभियान चलाया, लेकिन निराशा हाथ लगी, जिसके बाद गांव सिहोर से आनंद, मोनू, पवन, कपिल व सुनील, बव्वा से प्रवीन, सुनील व नरेश तथा गढ़ी गांव से सोनू की टीम ने नहर में उतरकर श्रृंखला बनाई और करीब 30 घंटे बाद 20 वर्षीय युवक चंदू का शव ढूंढ निकाला था।

### टीम ने बच्चे के शव को बाहर निकाल





मंगलवार को सिंचाई विभाग से नहर के पानी को रूकवाया गया, जिसके बाद एसडीआरएफ व युवाओं की टीम ने किशोर दुष्यंत की तलाश शुरू की। सर्च अभियान के दौरान टीम को सुबह करीब 6:30 बजे घटनास्थल से अढ़ाई किलोमीटर दूर बच्चे का शव सिहोर पंप हाउस की जाली के आगे दिखाई दिया, जिसके बाद टीम ने बच्चे के शव को बाहर निकाला। पुलिस ने दुष्यंत के शव को पोस्टमार्टम के लिए रेवाड़ी नागरिक अस्पताल में रखवाया है।

## खबर संक्षेप

### गाड़ी के टायर चोरी करने के मामले में पीओ काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस के पीओ स्टाफ ने अदालत की ओर से उद्घघोषित अपराधी मुबारिक निवासी गांव बाई जिला नूंह को गिरफ्तार किया गया। एसआई लाल चंद ने बताया कि आरोपी मुबारिक वर्ष 2012 में थाना मॉडल टाउन में दर्ज एक पीकअप गाड़ी के टायर चोरी करने के मामले में फरार चल रहा था, जिस पर अदालत ने उसे पीओ घोषित किया था। मामले में पुलिस के पीओ स्टाफ ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### सरकारी भूमि को पट्टे पर छोड़ने के लिए बोली 12 को

**रेवाड़ी।** तहसील बावल के गांव कनूका की 14 कनाल 6 मरला नजूल-सरकारी भूमि मुस्तील नंबर 26 किला नंबर 7/2(0-18), 14(7-11), 15/1(5-17) को वर्ष 2026-27 एक वर्ष के लिए पट्टे पर छोड़ने के लिए 12 जून को प्रातः 11 बजे मौके पर खुली बोली लगाई जाएगी। तहसीलदार बावल ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति बोली लगाने के लिए निर्धारित तिथि व स्थान पर पहुंचकर इस प्रक्रिया में शामिल हो सकता है। उन्होंने बताया कि इस पट्टे की बोली में अनुसूचित जाति के व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी।

### राव तुलाराम स्टेडियम में योग अभ्यास आज

रेवाड़ी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को गरीमामयी ढ़ंग से मनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां शुरू की जा चुकी है। एसडीएम सुरेश कुमार ने बताया कि योग दिवस के आयोजन के लिए जिले में विभिन्न योग प्रशिक्षकों की ओर से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अधिक संख्या में जन सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर लोगों को योग के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि इसी कड़ी में बुधवार 3 जून को हरियाणा के खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री गौरव गौतम योग प्रोटोकॉल अभ्यास करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली रोड स्थित राव तुलाराम स्टेडियम में प्रातः 6:30 बजे किया जाएगा। विधायक लक्ष्मण सिंह, कोसली के विधायक अनिल कुमार यादव व बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार और भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

### सीवर हो रहे ओवरफ्लो, डाली गई नई पाइप लाइन का पांच महीने में भी कनेक्शन नहीं

### बड़ा तालाब हनुमान मंदिर की सड़क पर पानी की निकासी का नहीं हो रहा समाधान

# आस्था से खिलवाड़, नरक बनी मंदिर की सड़क, लाखों खर्च होने पर भी जलभराव

**सड़क पर जलभराव होने के कारण श्रद्धालुओं को गंदे पानी से होकर मंदिर जाना पड़ रहा**

सिटी पल्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर के आस्था के केंद्र बड़ा तालाब स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर की सड़क की लंबे समय बाद सड़क बनने के बाद भी जलभराव की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। सड़क पर गत नवंबर 2025 में पानी की निकासी के लिए 12 इंची पाइप लाइन डालकर चेंबर बनाए गए थे, जिसके बाद दिसंबर माह में सड़क का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया था, लेकिन विभाग पाइप लाइन का आगे कनेक्शन करना भूल गया। पांच महीने बाद भी पाइप लाइन को आगे की लाइन से जोड़ा नहीं गया है, जिससे सड़क पर जलभराव होने के कारण श्रद्धालुओं को गंदे पानी में से होकर मंदिर जाना पड़ रहा है। हनुमान मंदिर में मंगलवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते है। सोमवार रात को आई तेज बरसात से एक बार फिर से लोगों के लिए समस्या पैदा हो गई। श्रद्धालु जब मंगलवार सुबह मंदिर पहुंचे तो सड़क पर बरसात व सीवर का



रेवाड़ी। मंदिर के सामने सड़क पर भरे पानी को टैंकर में भरता युवक। फोटो : हरिभूमि

गंदा पानी भरा हुआ मिला। श्रद्धालुओं को गंदे पानी में से होकर ही मंदिर में जाना पड़ा। बड़ा तालाब हनुमान मंदिर रोड पर एक दशक से जलभराव की समस्या बनी हुई थी। बरसात आने पर समस्या और भी विकट हो जाती है। श्रद्धालुओं को मंदिर में आवागमन के लिए गंदे पानी में से गुजरना पड़ रहा था। जलभराव की समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद की ओर से गत वर्ष नवंबर-दिसंबर माह में करीब 45 लाख रुपये की लागत से बड़ा तालाब की सड़क का निर्माण किया गया था। जलभराव नहीं होने से लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद थी, लेकिन गत 18 मार्च में आई मूसलाधार बरसात से सड़क पर फिर से जलभराव हो गया, जिससे हनुमान मंदिर के अंदर सीवरयुक्त गंदा पानी भर गया, जिसके बाद पता चला कि विभाग पाइपलाइन का आगामी लाइन में कनेक्शन करना ही भूल गया है। ये समस्या अभी तक ज्यों कि त्यों बनी हुई है। नइ पाइप लाइन बंद पड़ी हुई है और इसके आगे की लाइन में कनेक्शन तक नहीं किए गए है।



### दोपहर में पंपसेट से निकाला पानी

सोमवार रात तेज बरसात से मंदिर की सड़क पर जलभराव हो गया, जिसके बाद प्रशासन की ओर से सुबह जल्दी ही पानी निकासी का प्रबंध करना था, लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, जिसके बाद मंदिर कमेटी की ओर से ट्रैक्टर टैंकर मंगवाया गया और पंपसेट से सड़क का पानी टैंकर में डाला गया।

### लंबे समय से झेल रहे परेशानी



शहर के प्राचीन बड़ा तालाब हनुमान मंदिर में जिला सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या भी श्रृद्धालु आते है। नगर परिषद की ओर से लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी सड़क पर जलभराव की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। लोग लंबे समय से जलभराव व सीवर ओवरफ्लो की आफत झेल रहे है। मंदिर में आने वाले व स्थानीय निवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। तेज बरसात आने पर सड़क पर दो दिन तक पानी खड़ा रहता है। -प्रदीप, स्थानीय निवासी।

### गंदे पानी में से होकर गुजर रहे भक्त



नगर परिषद की ओर से डाली गई नई पाइप लाइन चौक पड़ी हुई है। इसलिए सड़क से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। मंगलवार को हनुमान मंदिर में आए श्रृद्धालुओं को गंदे पानी में से होकर गुजरना पड़ा। बार-बार शिकायत करने के बाद भी प्रशासन समस्या का समाधान नहीं कर रहा है। प्रशासन को मंदिर के प्रति लोगों की आस्था को देखकर ही समस्या की सुध लेनी चाहिए। - विक्रम, स्थानीय निवासी।

# लाखों की वित्तीय हानि के आरोपों में तीसरी बार निलंबित हुई डहीना की सरपंच पिंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

ग्राम पंचायत डहीना की सरपंच पिंकी को पंचायत कार्यों में अनियमित्ताओं के आरोप सिद्ध होने के बाद डीसी अभिषेक मीणा ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 51 (1) (बी) के तहत पद से निलंबित कर दिया है। वर्तमान कार्यकाल में यह तीसरा अवसर है, जब सरपंच के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। प्रशासनिक अभिलेखों के अनुसार सरपंच को पहली बार जून 2025 तथा दूसरी बार मार्च 2026 में निलंबित किया गया था। अब तीसरी बार मंगलवार को डीसी ने निलंबन के आदेश जारी किए हैं।

### रखरखाव की जगह नई पाइप लाइन डलवाई

शिकायतकर्ता मुकेश कुमार डहीनवाल की जांच में सामने आया कि वर्ष 2021-22 में गंदे पानी की निकासी के लिए बिछाई गई पाइप लाइन के रखरखाव के बजाय करीब 8.44 लाख की लागत से नई पाइप लाइन डलवाई गई, जो वर्तमान में भी बंद पड़ी हुई है। इसके अलावा अंबेडकर भवन, पंचायत भवन और कबीर धर्मशाला में पीवीसी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। आंगनबाड़ी केंद्र, अंबेडकर भवन, प्राथमिक स्कूल और एससी चौपाल में लगाई गई टाइलों पर आईएसआई मार्का तथा स्वीकृत ब्रांड का उल्लेख नहीं मिला। जांच में यह भी पाया गया कि स्कूल खेल मैदान की चारदीवारी के साथ एक नई सड़क बनाई गई, जो राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है। वहीं गांव में कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण के नियमों का भी सही ढंग से पालन नहीं किया गया।

### कारण बताओ नोटिस भी दिया गया

इन आरोपों के संबंध में सरपंच को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था तथा व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर भी दिया गया। डीसी ने अपने आदेश में कहा कि सरपंच के विरुद्ध सिद्ध हुए आरोप गंभीर प्रकृति के हैं और उनके पद पर बने रहना जनहित में उचित नहीं है। उन्होंने मामले में हुई वित्तीय हानि का आंकलन कर वसूली की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जांच के लिए एडीसी राहुल मोदी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# 2023 के नकली शराब तैयार करने के मामले में 22वां आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

सीआईए धारूहेड़ा टीम ने करीब ढाई साल पहले नकली शराब तैयार करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला अलवर के गांव घाटला निवासी जसवंत उर्फ गोगी के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में 21 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस को 12 दिसंबर 2023 को सूचना मिली थी कि गुरुग्राम की ओर से एक टाटा गाड़ी आ रही है, जिसमे नकली शराब बनाने की मशीनों के साथ शराब भरी हुई है। सूचना के बाद पुलिस ने आबकारी कराधान विभाग की टीम के साथ वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान एक बंद बॉडी की टाटा गाड़ी को चेकिंग के लिए रोका गया। गाड़ी में तीन



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

व्यक्ति मौजूद थे। व्यक्तियों ने अपना नाम पवन निवासी कसोला जिला रेवाड़ी, अजय व अर्जुन निवासी कटड़ा थाना पिल्लोर जिला कानपुर यूपी बताया।

### सहरावन में चलाते थे नकली शराब फैक्ट्री

पुलिस की ओर सेपूछताछ में आरोपियों ने बताया की वे मानेसर के पास गांव सहरावन में नकली शराब बनाने की फैक्ट्री चलाते थे। आरोपी नकली शराब को गुरुग्राम व राजस्थान में शराब टेकेदारों व अन्य जगहों पर सप्लाई करते थे। इसके बाद पुलिस की अलग-अलग टीमों ने गांव सहरावन व गुरुग्राम के अन्य इलाकों में रैड की तथा नकली शराब सप्लाई करने वाले दलाल गांव नाहरपुर निवासी नरेश सहित 2 शराब टेकेदार भोंडसी निवासी प्रशांत उर्फ सोनू राघव व गांव नखडोला निवासी संजय को काबू किया गया। आरोपियों के कब्जे से 306 पेटी नकली देशी शराब मसालेदार मोटा ओरेंग बरामद की गई। पुलिस ने मामले में 21 आरोपी पवन, अजय, अर्जुन, संजय ,नरेश, प्रशांत, दिनेश, श्याम, इन्द्रजीत उर्फ इन्दू, अमरीक उर्फ अमित, मुकेश शर्मा, संदीप, कुनाल राघव, परमवीर राघव, प्रकाश, रामनिवास, धर्मेंद्र, राजेश, मंजीत, दुलीचंद व सुरेन्द्र को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी सुरेन्द्र के कब्जे से नकली शराब बेचकर कमाए हुए 1 लाख 7 हजार 500 रुपये बरामद किए थे। सीआईए धारूहेड़ा ने सोमवार को मामले में एक और आरोपी जसवंत उर्फ गोगी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### नौतपा के अंतिम दिन मौसम रहा सुहाना, आगामी दिनों में बूंदाबांदी होने के बन रहे आसार

# बारिश से रात व दिन के तापमान में कमी, गर्मी से मिली राहत

- आसमान में बादलों के बीच तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हो सकती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मंगलवार को नौतपा के नौ दिन पूरे होने के साथ गर्मी का असर भी कम हो गया है। गत दो वर्षो की तरह इस बार भी नौतपा ने ज्यादा परेशान नहीं किया। गत 28 मई को हुई बरसात व ओलावृष्टि के बाद से हीटवेव खत्म होने के साथ दिन व रात के तापमान में कमी आती जा रही है। 25 मई को शुरू हुए नौपता



रेवाड़ी। सोमवार रात आई बरसात से बावल रोड पर जमा पानी। फोटो :हरिभूमि

ने सिर्फ तीन दिन परेशान किया। इसके बाद से लगातार मौसम में बदलाव आ रहा है। सोमवार रात्रि आई बरसात से मंगलवार को दिन भर मौसम सुहाना बना रहा, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। दिन व रात के तापमान में भी कमी दर्ज की गई। सप्ताह के आगामी दिनों में भी मौसम अनुकूल बने रहने के आसार है। आसमान में बादलों के बीच तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। गत 28 मई को हुई बारिश व ओलावृष्टि के बाद से शहर का मौसम सुहाना बना हुआ है। दिन और रात के तापमान में कमी से लोगों को हीटवेव से राहत मिली है। अधिकतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 35 डिग्री सेल्सियस आ पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी 1.3 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गत वर्ष दिन का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस व रात का तापामन 19.2 डिग्री दर्ज किया गया था। मंगलवार को शाम के समय आसमान में आंशिक बादल छाए रहे, जिससे पार्को में भी काफी भीड़ नजर आई। मौसम विभाग के अनुसार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता एक बार फिर मौसम में बदलाव ला सकती है। आसमान में बादलों के बीच तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हो सकती है।

### बिजली की लगातार आ रही कमी

पिछले दिनों हुई बारिश के बाद बिजली की खपत में लगातार कमी आ रही है। मई माह के अंत में रिकार्ड 1.04 करोड़ तक बिजली की दैनिक खपत पहुंच गई थी। बारिश के तुरंत बाद बिजली खपत में भारी कमी दर्ज की गई। वर्तमान में खपत 75 लाख यूनिट तक आ गई है।



रेवाड़ी। बाल गृह में बच्चों से मिलते हुए सीजेएम। फोटो : हरिभूमि

# सीजेएम डा. सोलखे ने बाल गृह एवं दत्तक ग्रहण अभिकरण का किया निरीक्षण

**रेवाड़ी।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा. रेनू सोलखे ने मंगलवार को बाल देखरेख संस्थान एवं विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरण का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डा. सोलखे ने संस्थान में रह रहे बच्चों से संवाद किया तथा भोजन, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से संबंधित रजिस्टर, स्टाफ उपस्थिति एवं पुनर्वास संबंधी कार्यों के अभिलेखों की भी जांच की। सीजेएम ने स्टाफ को बच्चों के लिए बाल-मैत्रीपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उचित परामर्श प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की अनुपालना तथा दत्तक प्रकरणों में कानूनी औपचारिकताओं को समयबद्ध पूरा करने पर विशेष बल दिया।



# कॉकटेल-2 का ट्रेलर रिलीज कृति-रश्मिका के बीच फंसे शाहिद

**मुंबई।** शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की मच अवेटेड रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'कॉकटेल 2' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया। 3 मिनट 1 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की कार ट्रिप से होती है। शुरुआत में शाहिद कहते हैं, 'जब भी कोई रिश्ता नया होता है, तो वह रोमांचक होता है, क्योंकि वह नया होता है। नए दोस्त मज़ेदार होते हैं क्योंकि उनकी कहानियां हमें दिलचस्प लगती हैं। पुराने दोस्तों से वही पुरानी कहानियां सुनते-सुनते हम थक जाते हैं। लेकिन, प्यार उस फटी हुई टी-शर्ट की तरह है जिसमें हमें दो रातों तक चैन की नींद आती है।

लाइफ Style



# तृप्ति

## कॉन्फिडेंस ही बन जाता है आपका दुश्मन

एनिमल में रणबीर कपूर के साथ तृप्ति डिमरी की जोड़ी लोगों को खूब पसंद आई थी, लेकिन यह भी आरोप लगे कि तृप्ति उस फिल्म की सक्सेस के बाद काफी बदल गईं। तृप्ति डिमरी ने कहा कि प्रोफेशनल लाइफ में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं और ऐसे लोगों का साथ होना जरूरी है जो आपकी गलतियां बता सकें और सही रास्ता दिखा सकें।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


एनिमल फेम एक्ट्रेस ने कहा कि अपनी बुराई सुनना आसान नहीं होता है। हालांकि यही वह चीज है जो आगे बढ़ने में आपकी मदद करती है। जब उनका परिवार और दोस्त उन्हें बताते हैं कि वह कहां गलती कर रही हैं, तो वह रुककर उनकी प्रतिक्रियाओं पर चिंतन करती हैं। तृप्ति ने माना कि कभी-कभी आपका कॉन्फिडेंस ही आपका सबसे बड़ा दुश्मन बन जाता है। साल 2023 में आई रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तृप्ति डिमरी ने अहम किरदार निभाया था। तृप्ति यूं तो उससे पहले बुलबुल, लैला मजनू और पोस्टर बॉयज जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी थीं, लेकिन इस फिल्म ने उन्हें वो पहचान दिलाई, जिसकी उन्हें इंडस्ट्री में चमकने के लिए जरूरत थी। तृप्ति के कॅरियर का ग्राफ रॉकेट की रफ्तार से ऊपर गया और उन्हें धड़क-2, भूल भुलैया-3 और स्पिरिट जैसी बड़ी फिल्मों में फीमेल लीड रोल मिलने लगे, लेकिन साथ ही साथ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि एनिमल के बाद तृप्ति काफी बदल गई हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुद इस सवाल का जवाब दिया।

## हॉलीवुड मसाला



# भारत में ताबड़तोड़ कर रही कमाई

**नई दिल्ली।** करी बार्कर की फिल्म 'ऑब्सेशन' भारत में बीते शुक्रवार को रिलीज हुई। महज चार दिनों में ही इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर ली है। आने वाले दिनों में फिल्म को वर्ड ऑफ माउथ पब्लिसिटी का फायदा मिल सकता है। हॉलीवुड की हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' भारतीय दर्शको को भी खूब पसंद आ रही है। कम बजट की यह फिल्म दर्शकों को डराने में अब तक कामयाब रही है। फिल्म ऑब्सेशन को दुनियाभर में काफी पसंद किया जा रहा है। शुक्रवार को फिल्म को मिली धीमी शुरुआत के बाद इसने वीकेंड पर अपनी रफ्तार पकड़ी।



# सुरक्षा कारणों से रद्द हुआ कान्ये और ट्रैविस का शो

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और ट्रैविस स्कॉट का एक कॉन्सर्ट इटली में होना था, जो कि अब रद्द कर दिया गया है। इस बात से रैपर के फैंस बेहद निराश हैं। यह फैसला किन्हीं सुरक्षा कारणों से लिया गया है। यह कॉन्सर्ट जुलाई में इटली के उत्तरी शहर रेजियो एमिलिया के आईसीएफ एरिना में होने वाले था। ट्रैविस स्कॉट का शो 17 जुलाई को और कान्ये वेस्ट का शो 18 जुलाई को होना था। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट को सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं के कारण रद्द किया गया है, न कि उन पर किसी प्रतिबंध की वजह से। स्थानीय अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से इन्हें रद्द करने का आदेश दिया। दरअसल, कान्ये वेस्ट द्वारा अप्रैल में की गई यहूदी-विरोधी टिप्पणियों का कड़ा विरोध हो रहा था। शहर के यहूदी समुदाय, फासीवाद-विरोधी समूहों, ट्रेड यूनियनों और नेताओं ने इस कॉन्सर्ट को रोकने की मांग की थी।



# अल्फा की रिलीज डेट बदली...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आलिया अल्फा और लव एंड वॉर में नजर आएंगी। अल्फा की रिलीज से पहले निर्माताओं ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। आलिया भट्ट और शार्वरी वाघ की मुख्य भूमिका वाली एक्शन फिल्म अल्फा अब अपने तय समय से एक हफ्ता पहले यानी 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 10 जुलाई को आने वाली थी। फैंस आलिया को एक्शन अवतार में देखने के लिए बेताब हैं। इस फिल्म से पहले आलिया ने फिल्म जिगरा में एक्शन किया था। फिल्म धमाल 4 की रिलीज डेट 17 जुलाई तय होने के बाद, अल्फा के निर्माता आदित्य चोपड़ा ने यह फैसला लिया है। 3 जुलाई के आसपास कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है।



# अनिल ने पत्नी संग यूरोप में मनाईं छुट्टियां

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर हाल ही में अपनी पत्नी सुनीता कपूर के साथ यूरोप की यात्रा पर गए थे। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इस जादुई वेकेशन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनिल ने इस जगह को मैजिकल बताया है। 69 साल के अनिल ने इंस्टाग्राम पर आज मोंटेनेग्रो देश की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने इस जगह को बहुत ही जादुई और खूबसूरत बताया। तस्वीरों में अनिल काले रंग के कपड़ों और स्टाइलिश चश्मे में बेहद हैंडसम दिख रहे हैं। अनिल की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा कि यह उनकी भी पसंदीदा जगह है। इसके साथ ही शिल्पा ने लिखा कि अनिल बहुत शानदार लग रहे हैं। शिल्पा के अलावा अनिल के कई फैंस ने इस पोस्ट पर लाल दिल वाला और फायर इमोजी बनाया है।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता' में जमील जमाली की एंट्री से भागने लगे लोग...

**नई दिल्ली।** 'धुरंधर' और जमील जमाली की लोकप्रियता अब गोकुलधाम सोसाइटी तक पहुंच गई है। शो में एक मजेदार मोड़ आएगा जब लोग यह देखकर हैरान रह जाएंगे कि जमील जमाली बिल्कुल तारक मेहता के बॉस बाबूलाल जैसे दिखते हैं। यह अजीब समानता भ्रम पैदा कर रही है और कई मजेदार पलों को जन्म देती है। इससे पहले कि कोई सच और झूठ में फर्क कर पाए, अफवाहें फैलने लगती हैं, तरह-तरह के कयास लगने लगते हैं और बेचारे बाबूलाल खुद को एक ऐसे तूफान में पाते हैं जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। ये किरदार राकेश बेदी निभा रहे हैं और जो 2020 से तारक के बॉस बने हुए हैं। एक मामूली भ्रम से शुरू हुई बात जल्दी ही एक बड़े तमाशे में बदल जाती है। जैसे-जैसे हर कोई स्थिति को समझने की कोशिश करता है, भ्रम और बढ़ता जाता है। बाबूलाल इस स्थिति में फंस जाते हैं और एक के बाद एक समस्याओं का सामना करते हैं। हालांकि, तारक अपने बॉस को अकेला नहीं छोड़ते और मुश्किल को संभालने की पूरी कोशिश करते हैं। वह स्थिति को पूरी तरह से हाथ से निकलने से पहले हर संभव प्रयास करते हैं। 'धुरंधर' के क्रेज के चलते बाबूलाल को जमील जमाली समझ लिया जाता है। लोग टीवी के किरदार को असली इंसान समझ बैठते हैं। एक छोटी सी गलतफहमी से और भी उलझनें पैदा हो जाती हैं। इससे हंसी-मजाक और मनोरंजन का माहौल बनता है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर यही कमाल कर रहा है। यह फेमस सिटकॉम रोजमर्रा की साधारण घटनाओं को एक मजेदार और मनोरंजक कहानी में बदल देता है।

## प्रोड्यूसर पर लगाए थे यौन शोषण के झूठे आरोप

**नई दिल्ली।** टीवी का मशहूर सीरियल 'भाभी जी घर पर हैं' आपने कभी ना कभी तो जरूर देखा होगा। टीवी के इस शो को लोगों ने खूब पसंद किया।



कुछ साल पहले इस शो से जुड़ा एक बड़ा विवाद भी सामने आया था। जिसमें इस शो की लीड एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने शो के प्रोड्यूसर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में शिल्पा ने बताया कि शो छोड़ने के दौरान उन्होंने प्रोड्यूसर पर भी सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया था वह बिल्कुल झूठ था। इसके अलावा शिल्पा ने इंटरव्यू के दौरान और भी कई बातें बताईं। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में शिल्पा ने लीगल लड़ाई और अपने इमोशनल ब्रेकडाउन पर खुलकर बातचीत की। बातचीत के दौरान शिल्पा ने बताया कि उनके सामने एक समय आया जब उन्हें यह महसूस होने लगा था कि वह काफी बुरी तरह से फंस चुकी हैं और उनके पास लड़ाई लड़ने का कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है।

# कपूर परिवार के नाम हैं ये 7 दिलचस्प रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'कपूर खानदान' को इंडस्ट्री की 'फर्स्ट फैमिली' भी कहा जाता है। पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर कपूर तक इस परिवार का फिल्ममेकिंग और एक्टिंग से बहुत पुराना नाता रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वो कौन से 7 रिकॉर्ड हैं जो इस परिवार के नाम पर दर्ज हैं?*

***ऑनस्क्रीन जा चुका सबसे बड़ा परिवार :*** *साल 1999 तक ही इस एक परिवार के 24 से अधिक सदस्य फिल्मों में बतौर एक्टर, डायरेक्टर या प्रोड्यूसर काम कर चुके थे। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस परिवार के नाम फिल्म इंडस्ट्री में सबसे बड़े ऑन-स्क्रीन परिवार होने का नाम दर्ज है।*

***सिनेमा में 5 पीढ़ियों का सफर :*** *भारतीय सिनेमा जगत के इतिहास में कपूर परिवार इकलौता ऐसा परिवार है जिसकी 5 पीढ़ियां लगातार फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय रही हैं। शुरुआत दीवान बशेश्वरनाथ कपूर (पृथ्वीराज कपूर के पिता) से हुई थी और अब रणबीर कपूर व राहा कपूर तक पहुंच चुकी है।*

***एक ही फिल्म में 3 पीढ़ियां :*** *साल 1971 में आई फिल्म 'कल आज और कल' में एक अनोखा रिकॉर्ड बना। इस फिल्म में कपूर परिवार की तीन पीढ़ियां एक साथ नजर आई थीं। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर (दादा), राज कपूर (पिता), और रणधीर कपूर (बेटे) एक साथ नजर आए थे।*



***सबसे यंग डायरेक्टर का रिकॉर्ड :*** *शोमैन राज कपूर ने महज 24 साल की उम्र में फिल्म 'आग' (1948) का निर्देशन किया था। यह अपने आप में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड था। उस दौर में सबसे कम उम्र के फिल्म निर्देशक बनने का रिकॉर्ड राज कपूर ने अपने नाम किया।*

***सुपरस्टार बनीं पहली सगी बहनें :*** *कपूर खानदान की बेटियों ने भी फिल्म इंडस्ट्री में कम नाम नहीं कमाया। करिश्मा कपूर और करीना कपूर भारतीय सिनेमा के इतिहास की पहली ऐसी सगी बहनें बनीं, जिन्होंने पुरानी रिवायतों को तोड़ा और इंडस्ट्री पर राज किया। नंबर वन एक्ट्रेस बनीं।*

***एक परिवार में 3 दादा साहेब फाल्के पुरस्कार:*** *सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' को एक ही परिवार में 3 बार जीतने का रिकॉर्ड भी कपूर खानदान के नाम है। यह सम्मान पृथ्वीराज कपूर, राज कपूर और शशि कपूर को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया गया।*

## शम्मी कपूर के नाम पर ऐसा भी एक रिकॉर्ड

शम्मी कपूर के नाम पर सिनेमा से अलग एक अनोखा रिकॉर्ड है। उन्होंने 1990 के दशक में 'इंटरनेट यूजर्स क्लब ऑफ इंडिया' की स्थापना की थी। वह भारत के पहले कुछ लोगों में से थे जिनके पास अपना पर्सनल कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्शन था।

# आदर्श ने हॉलीवुड सीरीज एलियन- अर्थ 2 को लेकर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** अभिनेता आदर्श गौरव ने रिडले स्कॉट की फिल्म 'एलियन अर्थ' में स्लाइटली के किरदार के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। अब अभिनेता इस साइंस फिक्शन शो के आगामी दूसरे सीजन में भी वही भूमिका निभाएंगे और जल्द ही शूटिंग के लिए रवाना होने वाले हैं। दूसरे सीजन में पीटर डिंकलेज के शामिल होने से इसको लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। आदर्श ने एमी पुरस्कार विजेता इस अभिनेता की जमकर तारीफ की है। नोआ हॉली द्वारा निर्मित और दिग्गज फिल्म निर्माता रिडले स्कॉट द्वारा कार्यकारी निर्मित 'एलियनः अर्थ' स्कॉट की प्रतिष्ठित एलियन फिल्मों का स्पिन-ऑफ है। पहले सीजन में आदर्श ने स्लाइटली उर्फ आरुष की भूमिका निभाई, जो मनुष्य और मशीन का एक हाइब्रिड है। आदर्श गौरव ने कहा कि 'एलियनः अर्थ' के सीजन 2 में वापसी करना बेहद खास लगता है। स्लाइटली एक ऐसा किरदार है जो शूटिंग खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक मेरे मन में बसा रहा, क्योंकि उसकी इमोशनली जटिलता और ट्विस्ट ने मुझे दीवाना बना दिया। नोआ हॉली और रिडले स्कॉट द्वारा निर्मित दुनिया में उसे और गहराई से जानने का अवसर मिलना एक अभिनेता के रूप में रोमांचक और बेहद संतोषजनक है। एलियनः अर्थ में सिडनी चैंडलर, एलेक्स लॉथर, एस्सी डेविस, सैमुअल ब्लेंकिन और बाबौ सीसे मुख्य भूमिका में हैं, जबकि टिमोथी ओलिवेंट एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आते हैं। सीजन 2 में गेम ऑफ थ्रोन्स के मशहूर अभिनेता पीटर डिंकलेज की एंट्री होती है, जिससे एलियन यूनिवर्स का विस्तार होता है। आदर्श ने आगे कहा कि इस अनुभव को वास्तव में उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह है कि मुझे एक टेलेंटेड एक्टर्स के साथ इस लोकप्रिय यूनिवर्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। पीटर डिंकलेज, टिमोथी ओलिवेंट और पूरी टीम जैसे कलाकारों के साथ काम करना आपको हर दिन क्रिएटिव रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।



## अपने नाम किए तीन पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान भी मिला

# न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में मणिपुरी फिल्म बूंग की धूम

### फिल्म को कौन से अवॉर्ड मिले?

फेस्टिवल में बूंग ने तीन पुरस्कार अपने नाम किए। पहला सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फिल्म का पुरस्कार। दूसरा लक्ष्मीप्रिया देवी को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार और तीसरा गुगुन किपगेन को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार पुरस्कार दिया गया। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 28 से 31 मई तक चला, जिसमें 15 भाषाओं की अलग-अलग तरह की फिल्में दिखाई गईं।

### क्या है बूंगकी कहानी?

बूंग की कहानी बहुत प्यारी और दिल को छू लेने वाली है। यह फिल्म मणिपुर की घाटी में रहने वाले बच्चे बूंग (गुगुन किपगेन) पर आधारित है। बूंग वर्षों से अकेली रह रही अपनी मां को खुश करने के लिए खास तोहफा देने की योजना बनाता है। वह, तोहफा है अपने पिता को वापस लाना। वह पिता की तलाश में निकल जाता है। इस सफर में उसका दोस्त साथ देता है। मां की खुशियों के लिए पिता को खोजने निकले बूंग की यह कहानी बेहद मार्मिक है। बूंग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

*लॉस एंजिल्स। मणिपुरी फिल्म बूंग ने पहले बाफ्टा अवॉर्ड में अपना जलवा दिखाया था। अब इस फिल्म ने न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म बूंग ने इतिहास रच दिया है। रविवार को खत्म हुए इस महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान मिला है। महोत्सव में दस अलग-अलग कैटेगरी में भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकारों और फिल्मों को सम्मानित किया गया।*



***फिल्म में नजर आए ये कलाकार :*** फिल्म बूंग में गुगुन किपगेन के अलावा बाला हिजाम, नेमेतिया नगंगबाम, जेनी खुरई, हामोम सदानंद,एंगम सनामतम, विक्रम कोचर, थौदम ब्रजबिधु और मोधुबाला थौदम जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई दिए। फिल्म के बाल कलाकारों का अभिनय बहुत ही सहज है। कई सीन्स दर्शकों को भावुक कर जाते हैं, आंखों को नम कर देते हैं।

### फरहान ने प्रोड्यूस की है बूंग

इस फिल्म को निर्माता-निर्देशक और एक्टर फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर साल 2024 के टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। वहां इसे दर्शकों से स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। भारतीय सिनेमाघरों में यह फिल्म सितंबर 2025 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मीप्रिया देवी ने किया है।

### बाफ्टा में मिला था अवॉर्ड

इससे पहले मणिपुरी फिल्म 'बूंग' ने बाफ्टा अवॉर्ड्स 2026 में भी जलवा दिखाया था। वहां फिल्म ने बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली कैटेगरी में पुरस्कार जीता था। 'बूंग' बाफ्टा में नामांकित होने वाली अकेली भारतीय फिल्म थी। इसने जूटोपिया 2, लिलो एंड स्टिच और आर्को जैसी बड़ी-बड़ी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को हराकर यह अवॉर्ड जीता। इससे पहले फिल्म का पहला प्रीमियर 2024 में टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। बाद में इसे वारसॉ, एमएएमआई मुंबई, आईएउएफआई और मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे कई बड़े फेस्टिवल में दिखाया गया।

# अनाज मंडी में बनेगा पब्लिक पार्क, स्थापित होगी सरसों जांच लैब

■ नई अनाज मंडी के विकास की दिशा में मार्केट कमेटी ने चेयरमैन बाबूलाल यादव की अध्यक्षता में लिए दो अहम फैसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नई अनाज मंडी नारनौल के विकास और किसानों तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में मंगलवार को मार्केट कमेटी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मार्केट कमेटी चेयरमैन बाबूलाल यादव ने की। बैठक में सचिव नुकुल यादव एवं वाइस चेयरमैन सुरेश चौधरी सहित मार्केट कमेटी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में नई अनाज मंडी के विकास से जुड़े दो महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से सहमति जताई गई। पहला प्रस्ताव नई अनाज मंडी स्थित जल महल की दीवार से लगती भूमि पर एक सार्वजनिक पार्क विकसित करने का था। इस संबंध में कार्यकारी अभियंता रेवाड़ी को आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है।





नारनौल। मीटिंग लेते चेयरमैन बाबूलाल यादव पटीकरा तथा वह जगह, जहां पार्क बनेगा। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे मीटिंग में मौजूद

मीटिंग में मैंबर बद्रीप्रसाद गर्ग, कैलाश चंद, पवन कुमार, सांवल सिंह, अजीत सिंह, राजेंद्र, सुशील कुमार, सतबीर जोगी, सतीश कुमार, जयसिंह तरेड़िया, सतपाली, बहादुर सिंह, बनवारी लाल एवं राजकुमार आदि भी मौजूद रहे।

### पार्क से मिलेगा स्वच्छ वातावरण और स्वास्थ्य लाभ

मार्केट कमेटी के अनुसार पार्क के निर्माण से आसपास के क्षेत्र के लोगों को सुबह-शाम सैर और व्यायाम के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। इससे लोगों को स्वच्छ एवं ताजा वातावरण मिलेगा, जो उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। स्थानीय नागरिकों को भी इस परियोजना से काफी लाभ मिलने की उम्मीद है।


### नई अनाज मंडी के बेहतर भविष्य की शुरुआत

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने दोनों प्रस्तावों को नई अनाज मंडी नारनौल के विकास और आधुनिक सुविधाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। चेयरमैन बाबूलाल यादव और मार्केट कमेटी सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से मंडी क्षेत्र की सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा किसानों और आम जनता दोनों को इसका लाभ मिलेगा। इन फैसलों को नई अनाज मंडी नारनौल के बेहतर और सुनहरे भविष्य की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

### सरसों की सरकारी लैब से किसानों को मिलेगा सीधा फायदा

बैठक में दूसरा महत्वपूर्ण प्रस्ताव नई अनाज मंडी में सरसों की जांच के लिए सरकारी पोर्टेबल लैब स्थापित करने का पारित किया गया। इसके लिए मुख्य प्रशासक को पत्र भेजकर आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। मार्केट कमेटी का मानना है कि लैब स्थापित होने से किसानों को अपनी फसल की गुणवत्ता जांच के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। साथ ही फसल की गुणवत्ता का प्रमाण मिलने पर किसानों को उनकी सरसों का उचित मूल्य प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी, जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी होगी।

## न्यूज डायरी



नारनौल। शिविर में साफ सफाई करते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में स्वयंसेवकों ने की साफ-सफाई

**नारनौल।** डीएवी स्कूल में चलाए जा रहे जिला स्तरीय सात दिवसीय एनएसएस शिविर में ब्रह्मप्रकाश प्राचार्य ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य राजेश कुमार ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय कॉलेज की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी गीता ने भाग लिया। प्रात कालीन सत्र में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यालय प्रांगण में साफ सफाई की तथा एक स्वच्छता रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा को समाज, राष्ट्र व विश्व की भलाई में लगानी चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक देश में अपने समाज सेवा के कार्यों से अलग पहचान बनाते हैं।



मंडी अटेली। योग कार्यक्रम में विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### गुवानी में खंड स्तरीय योग प्रतियोगिता

**मंडी अटेली।** आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में सिहमा खंड स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन गांव गुवानी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच प्रतिनिधि दिनेश यादव ने की। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं व आमजन में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने-अपने योग कौशल का प्रदर्शन किया। 10 से 18 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में कुणाल पुत्र नरेंद्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि योगेश पुत्र महावीर ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं 18 से 55 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में विनेश पुत्र विक्रम तृतीय स्थान पर रहे।



नारनौल। समर कैंप में बच्चों को जानकारी देते अध्यापक आजाद सिंह। फोटो : हरिभूमि

### महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और शिक्षित होना जरूरीः कामरेड संधू



**कोसली।** नाहड़ में महिला सशक्तिकरण को लेकर कामरेड अनीता यादव राज्य सचिव हरियाणा एटक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कामरेड नीलम संधू ने शिरकत की। कार्यक्रम में आसपास के गांवों की महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर कामरेड संधू ने कहा कि आज के समय में महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और शिक्षित होना बहुत जरूरी हो गया है। आज भी कार्यस्थल पर बराबर वेतन, मातृत्व अवकाश, सुरक्षित माहौल और सम्मान के लिए हमें संघर्ष करना पड़ रहा है। घर से लेकर फैक्ट्री तक शोषण जारी है। एटक का मानना है कि संगठन ही शक्ति है। जब तक महिलाएं संगठित नहीं होंगी, तब तक मालिकों और शोषणकारी ताकतों से हक नहीं ले पाएंगी। उन्होंने कहा कि समान काम का समान वेतन, पोक्सो एक्ट, मातृत्व लाभ अधिनियम तभी लागू होंगे, जब महिलाएं इनको लागू कराने के लिए एकजुट होकर आवाज उठाएंगी। उन्होंने कहा कि नीति बनाने की जगह पर महिलाओं की राजनीति में भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि महिला दिवस को सिर्फ उत्सव नहीं, संघर्ष दिवस के रूप में मनाओ। उन्होंने कहा कि महिला जागरूकता बेहद जरूरी है, क्योंकि परिवार, समाज और देश तीनों की तरक्की के लिए सबसे जरूरी कदम है।

### सिरदर्द, शरीर में दर्द, जोड़ों के दर्द या बुखार में लाभ के लिए लेते है दर्द निवारक

# बिना डॉक्टर की सलाह पेनकिलर्स लेना पड़ सकता भारी : डा. विशाल

■ किडनी को शुरूआती नुकसान होने पर अक्सर स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते है, हालांकि पैरों में सूजन, पेशाब की मात्रा कम होना, अत्यधिक थकान, मतली, हाई ब्लड प्रेशर और लगातार कमजोरी जैसे संकेत चेतावनी हो सकते है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दर्द निवारक दवाइयां दुनिया भर में सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं में शामिल हैं। सिरदर्द, शरीर में दर्द, जोड़ों के दर्द या बुखार जैसी समस्याओं में लोग अक्सर बिना डॉक्टर की सलाह के ओवर-द-काउंटर मिलने वाली दवाइयों का सेवन कर लेते हैं। हालांकि ये दवाइयां कुछ समय के लिए आराम दे सकती हैं, लेकिन इनका जरूरत से ज्यादा या लंबे समय तक इस्तेमाल शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक जैसे किडनी को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा सकता है। किडनी शरीर से अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालने, तरल पदार्थों का संतुलन बनाए रखने, ब्लड प्रेशर नियंत्रित करने और शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। कुछ पेनकिलर्स, खासकर नॉन-स्टेरॉइडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग्स जैसे आइबुप्रोफेन, डाइक्लोफेनाक और नैप्रोक्सेन, किडनी तक पहुंचने वाले रक्त प्रवाह को कम कर सकते हैं। यदि इनका बार-बार या अधिक मात्रा में सेवन किया जाए, तो यह किडनी की कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकते हैं और कई मामलों में स्थायी नुकसान भी पहुंचा सकते हैं।

दुर्भाग्यवश, यह आदत अक्सर तब तक नजरअंदाज होती रहती है, जब तक किडनी रोग के लक्षण सामने आने नहीं लगते। डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग या डिहाइड्रेशन जैसी पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों में पेनकिलर्स के गलत इस्तेमाल से किडनी संबंधी जटिलताओं का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। बुजुर्गों में भी जोखिम ज्यादा होता है, क्योंकि उम्र बढ़ने के साथ किडनी की कार्यक्षमता स्वाभाविक रूप से कम होने लगती है। किडनी को शुरूआती नुकसान होने पर अक्सर स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते है, हालांकि पैरों में सूजन, पेशाब की मात्रा कम होना, अत्यधिक थकान, मतली, हाई ब्लड प्रेशर और लगातार कमजोरी जैसे संकेत चेतावनी हो सकते हैं। गंभीर मामलों में पेनकिलर्स का अत्यधिक उपयोग अचानक किडनी खराब होने या क्रॉनिक किडनी डिजीज का कारण बन सकता है, जहां डायलिसिस या किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता भी पड़ सकती है।

### सेल्फ-मेडिकेशन की बढ़ती आदत बड़ी समस्या

प्राइवेट अस्पताल के नेफ्रोलॉजी एवं रीनल ट्रांसप्लांट विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डा. विशाल सक्सेना ने बताया कि आज के समय में सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है, सेल्फ-मेडिकेशन की बढ़ती आदत। कई लोग दवाओं की सही मात्रा, सेवन की अवधि या संभावित दुष्प्रभावों की जानकारी के बिना ही पेनकिलर्स लेते रहते हैं। लगातार कमर दर्द, माइग्रेन, गठिया, मासिक धर्म के दर्द या हल्की असहजता के लिए बार-बार इन दवाओं का सेवन करना आम हो गया है।

### यह पड़ता है असर



डा. विशाल ने बताया कि एक और अनदेखा जोखिम है पेनकिलर्स को अन्य दवाओं या सप्लीमेंट्स के साथ बिना चिकित्सकीय सलाह के लेना। बहुत से लोग नहीं जानते कि अलग-अलग दवाओं का मिश्रण किडनी पर अतिरिक्त दबाव डाल सकता है और नुकसान का खतरा बढ़ा सकता है। पेनकिलर्स से होने वाले किडनी नुकसान की रोकथाम जागरूकता और जिम्मेदार दवा सेवन से शुरू होती है। पेनकिलर्स का उपयोग केवल योग्य स्वास्थ्य विशेषज्ञ की सलाह के अनुसार ही करना चाहिए। जरूरत के बिना लंबे समय तक इनका सेवन नहीं करना चाहिए, शरीर में पर्याप्त पानी बनाए रखना चाहिए और यदि बार-बार दर्द की दवाओं की आवश्यकता पड़ती है, तो नियमित रूप से किडनी फंक्शन टेस्ट कराना चाहिए। इसके अलावा नियमित व्यायाम, सही बॉडी पोस्टर, तनाव प्रबंधन और संतुलित आहार जैसी सरल जीवनशैली आदतें भी लंबे समय तक दर्द प्रबंधन के लिए पेनकिलर्स पर निर्भरता कम करने में मदद कर सकती हैं।

### जेईई एडवांस में सीएल स्कूल के छात्र सुमित ने पाई सफलता

**नारनौल।** हाल ही में एनटीए की ओर से आयोजित जेईई एडवांस का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सीएल पब्लिक स्कूल के होनहार छात्र सुमित सिंह पुत्र रणसिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 785वीं रैंक कैटगरी प्राप्त कर विद्यालय, परिवार तथा पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। अपनी अथक मेहनत, अनुशासन व दृढ़ संकल्प के बल पर सुमित सिंह ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और उसे प्राप्त करने का जुनून हो, तो सफलता अवश्य मिलती है। सुमित सिंह ने किसी भी प्रकार की कोचिंग का सहारा लिए बिना, केवल अपनी नियमित स्कूली शिक्षा, स्व अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन के माध्यम से यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। सीएल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक निदेशक डॉ. अमित गुप्ता ने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि सुमित सिंह की यह उपलब्धि उनकी लगन, कठिन परिश्रम, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने भी सुमित सिंह को इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी।



छात्र सुमित सिंह।



रेवाड़ी। बावल बाजार से अतिक्रमण हटाती जेसीबी।

### नपा की बावल बाजार में कार्रवाई, नालों की सफाई में बाधा बन रहा था अतिक्रमण

**बावल।** नगर पालिका की ओर से मंगलवार को बावल कस्बे में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नपा की ओर से सड़कों पर रखे अवैध खोखो को जेसीबी से तोड़कर जगह खाली कराई गई। कई स्थानों पर नालियों पर बने स्लैब को हटाया गया। नगर पालिका और पुलिस टीम के बाजार में पहुंचने पर हड़कंप मच गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान टीम को कई जगह लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में नगर पालिका की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रही। नपा अधिकारियों ने बताया कि कई दिनों से शिकायत मिल रही कि अतिक्रमण के कारण सफाई व्यवस्था बाधित हो रही है। स्लेब बने होने के कारण नालियों की सफाई नहीं हो पा रही है, जिससे सड़कों गंदा पानी जमा हो रहा। दुकानदारों ने नालों को पूरी तरह स्लेब बनाकर ढक दिया गया है। इस अवसर पर नगर पालिका से अनिल कुमार व जेई विजय कुमार सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## राठ स्कूल ग्रुप के यश यादव ने जेईई एडवांस्ड में ऑल इंडिया स्तर पर पाई 8वीं रैंक

■ राठ इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ स्कूल के 32 विद्यार्थियों का जेईई एडवांस्ड में सिलेक्शन हुआ है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड



रेवाड़ी। जेईई एडवांस परीक्षा में सफल विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

राठ इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ स्कूल ने एक बार फिर जेईई एडवांस्ड में ऑल इंडिया स्तर पर 8वीं रैंक लेकर इतिहास रच दिया है। स्कूल के 32 विद्यार्थियों का जेईई एडवांस्ड में सिलेक्शन हुआ है। स्कूल के छात्र यश यादव पुत्र विजेंद्र सिंह यादव ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा में देशभर में 8वीं रैंक लाकर क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन किया है, जबकि खनिका पुत्री कैलाश चंद ने 349, लक्ष्य पुत्र दीपक कुमार ने 619, प्रथम पुत्र सरजीत ने 791, इशित यादव पुत्र राजेश कुमार ने 1187, सागराज पुत्र श्यामसुंदर ने 1287, अंकुर पुत्र धर्मवीर ने 1291, अर्चना पुत्री मुकेश कुमार ने 2205, अनुष्का पुत्री राकेश गुप्ता ने 3127, ध्रुव अग्रवाल पुत्र प्रमोद अग्रवाल ने 3363, गौरव पुत्र जसवंत सिंह ने 5851, प्रिंस सतीजा पुत्र नरेश कुमार ने 6907, हर्ष पुत्र रामनिवास ने 8039, भवी यादव ने 11024 तथा प्रनील ने 13241वीं रैंक हासिल की। ग्रुप के चेयरमैन बलवान सिंह यादव ने कहा कि राठ विद्यालय की शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान है। उन्होंने परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियो, उनके माता-पिता व शिक्षकों को बधाई दी। सचिव नितेश यादव और डायरेक्टर शिवानी यादव ने बताया कि राठ स्कूल में कंपटीशन आधारित टेस्ट कराए जाते है, जिससे बच्चों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में मदद मिलती है। स्कूल में नीट, जेईई मेंस व एडवांस, आईआईटी, एनडीए, क्लेट, सीए फाउंडेशन व एसटीएससी आदि परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। स्कूल के डायरेक्टर डा. रविंद्र तंवर, प्राचार्य पवन कुमार, कोऑर्डिनेटर जितेन्द्र कुमार, निशा यादव, ज्योति यादव व शिप्रा सहित सभी शिक्षकों ने जेईई एडवांस में सफलता पाने वाले विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### यदुवंशी के विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस में पाई सफलता

**नारनौल।** देश की सबसे प्रतिष्ठित अभियान्त्रिकी प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस के परिणाम घोषित होते ही यदुवंशी शिक्षा निकेतन में भारी उत्साह और जश्न का माहौल देखा गया। संस्थान के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने इस कठिन परीक्षा में उत्कृष्ट रैंक हासिल कर न केवल विद्यालय का, बल्कि पूरे क्षेत्र व जिले का नाम देशभर में रोशन किया है। इस शानदार सफलता पर स्कूल परिसर में एक भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गयाए जिसमें मेधावी छात्रों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। जीवन पुत्र राजेश कुमार ने 239, तक्षित पुत्र संजीव 4497, ताश्वीन पुत्र विनय कुमार 4631, हर्ष कांटीवाल पुत्र ओमप्रकाश 6150, हर्ष पुत्र इंद्रजीत यादव 6837, शुभम सैनी पुत्र योगेश कुमार 10558 व इशिका पुत्री संदीप कुमार ने 11971वीं रैंक प्राप्त की। इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह, प्राचार्य नरेश कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और प्राध्यापकों को बधाई दी।



नारनौल। यदुवंशी स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**जागरूक** बीते कुछ दिनों में नहरों एवं अन्य जल स्त्रोतों में नहाने के कारण हुए कई हादसे

## बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर ही जाने दें अभिभावक अधिकांश गतिविधियों पर रखें नजर : पुलिस अधीक्षक

भीषण गर्मी के चलते अक्सर बच्चे एवं युवक समूह बनाकर नहरों या तालाबों में नहाने चले जाते

■ घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पुलिस आमजन को जागरूक कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गर्मी के मौसम में नहर, तालाबों एवं अन्य जल स्त्रोतों में नहाने के दौरान होने वाली दुखद घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि बीते कुछ दिनों में नहरों एवं अन्य जल स्त्रोतों में नहाने के कारण कई दर्दनाक हादसे सामने आए हैं, जिनमें कुछ युवकों की जान चली गई। इन घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के के क लिए पुलिस आमजन को जागरूक कर रही है। एसपी ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखें तथा उन्हें नहरों, नालों, तालाबों एवं अन्य गहरे जल स्त्रोतों पर जाने से रोकें। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के चलते अक्सर बच्चे एवं युवक समूह बनाकर नहरों या तालाबों में नहाने चले जाते हैं, लेकिन पानी का तेज बहाव, गहराई तथा तैरना न आने के कारण कई बार गंभीर हादसे हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की दुर्घटनाएं केवल एक हादसा नही होती, बल्कि इससे पूरा परिवार गहरे मानसिक आघात से गुजरता है और लंबे समय तक उस पीड़ा से उबर नहीं पाता है। इसलिए समय रहते सतर्कता बेहद आवश्यक है। एसपी ने विशेष रूप से गर्मियों की छुट्टियों के दौरान अभिभावकों को और अधिक सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि छुट्टियों में बच्चे एवं युवा मनोरंजन और घूमने-फिरने के उद्देश्य से ऐसे स्थानों पर जाने की योजना बनाते हैं। ऐसे में परिवारों को चाहिए कि वे बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर ही जाने दें तथा उनकी गतिविधियों पर निरंतर नजर रखें।

### एसपी मीणा ने जिले की ग्राम पंचायतों से सहयोग अपील की



एसपी मीणा ने जिले की ग्राम पंचायतों से भी अपील की है कि वे गांवों में मुनादी कराकर लोगों को जागरूक करें कि नहरों में नहाना तथा नहर किनारे बैठकर शराब या अन्य प्रकार का नशा करना न केवल खतरनाक है, बल्कि कानूनन भी प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति ऐसा करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नियमित गश्त के दौरान अपने-अपने थाना क्षेत्रों में आने वाली नहरों, नालों एवं तालाबों पर विशेष निगरानी रखें।

## मेडिकल कॉलेज का नाम राव तुलाराम करने से दक्षिण हरियाणा को मिला सम्मानः प्रो हंसराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



हरियाणा सरकार ने स्वतंत्रता सेनानी के सम्मान में बड़ा निर्णय लेते हुए चरखी दादरी स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज का नाम राव तुलाराम सरकारी मेडिकल कॉलेज करने की अधिसूचना जारी की है। हरियाणा सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की ओर से मंगलवार को जारी नोटिफिकेशन में राज्यपाल की स्वीकृति के बाद इस नामकरण की घोषणा की है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य प्रो. हंसराज यादव ने इस फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और कैबिनेट मंत्री आरती राव का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय दक्षिण हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। राव तुलाराम केवल अहीरवाल क्षेत्र के नहीं, बल्कि देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों में शामिल रहे हैं, जिन्होंने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजी शासन के खिलाफ साहसिक नेतृत्व किया। प्रो. हंसराज ने कहा कि राव तुलाराम का जीवन त्याग, संघर्ष और देशभक्ति की प्रेरणा देता है। उन्होंने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया और युवाओं के लिए वीरता व राष्ट्रसेवा की मिसाल कायम की। ऐसे महान क्रांतिकारी के नाम पर मेडिकल कॉलेज का नामकरण आने वाली पीढ़ियों को उनके बलिदान और योगदान से परिचित कराएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार महापुरुषों और स्वतंत्रता सेनानियों को उचित सम्मान देने का कार्य कर रही है।

**सूचना**

मैं, राजु पुत्र श्री मुलाराम निवासी रतनथल तह. कोसली जिला रेवाड़ी हरियाणा बयान करता हूं कि मैंने अपने सगे पुत्र भीम सिंह को पहले बेदखल कर दिया था। लेकिन अब मेरा पुत्र और मेरी पुत्रवधु मेरी सेवा करते हैं तथा मैं उसके पास रहता हूं। अब मैं अपने पुत्र भीम सिंह की बेदखली को निरस्त करता हूं। मेरे पुत्र भीम सिंह को मेरी चल-अचल सम्पत्ति में समान अधिकार होगा।

## आईटीआई में 15 जून तक चलेगी आवेदन प्रक्रिया

# सरकारी व प्राइवेट आईटीआई में एडमिशन के लिए आवेदन शुरू

### विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित

- जिले में 10 सरकारी व 12 प्राइवेट आईटीआई के 20 ट्रेड में 5332 सीटें उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा की ओर से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 2 जून से दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई। इस बार विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। जिले में 10 सरकारी व 12 प्राइवेट आईटीआई के 20 ट्रेड में 5332 सीटें उपलब्ध हैं। 10 सरकारी आईटीआई में 2832 व 12 प्राइवेट आईटीआई में 2500 सीटें है। ऑनलाइन आवेदन करते समय विद्यार्थियों को शैक्षणिक योग्यता, आरक्षण एवं स्थाई निवास प्रमाण पत्रों की प्रतियां स्कैन करने दाखिला फार्म के साथ अपलोड करनी होंगी। ऑनलाइन पंजीकरण पूरा होने के बाद मेरिट के आधार पर रैंक जारी होगी, जिसके बाद काउंसिलिंग के जरिए सीटें आवंटित की जाएंगी। आईटीआई में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए निःशुल्क हेल्प डेस्क भी स्थापित किए गए हैं। एडमिशन के लिए 8वीं, 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।



रेवाड़ी। शहर के पटौदी रोड स्थित राजकीय आईटीआई। फोटो : हरिभूमि

#### एडमिशन के लिए जरूरी दस्तावेज

एडमिशन के लिए विद्यार्थियों को आधार कार्ड पहचान व सत्यापन के लिए, परिवार पहचान पत्र, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, 8वीं, 10वीं अथवा 12वीं पास का शैक्षणिक प्रमाण पत्र, हरियाणा निवासी प्रमाण पत्र, यदि आरक्षण का लाभलेना हो तो जाति प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साइज फोटो की जरूरत होगी।

#### निःशुल्क हेल्प डेस्क स्थापित की गई



सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में एडमिशन के लिए आवेदन शुरू हो गए है। छात्रों के लिए निःशुल्क हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक अपनी च्वाइस की ट्रेड में आवेदन कर सकते है। आईटीआई में युवाओं को तकनीकी हुनर सिखाया जाता है, जिससे उनकों नामी कंपनियों से जॉब के ऑफर मिलते है।

-सुरेन्द्र सिंह, प्राचार्य, राजकीय आईटीआई।

#### सरकारी आईटीआई की कुल सीटें

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रेवाड़ी में 620 सीटें, राजकीय महिला आईटीआई रेवाड़ी में 240, राजकीय आईटीआई लेदर एवं फुटवीयर रेवाड़ी में 40, राजकीय आईटीआई सहारनवास में 220, राजकीय आईटीआई टांकड़ी में 196, राजकीय आईटीआई बेरली कलां में 368, राजकीय आईटीआई खरखड़ा में 196, राजकीय आईटीआई कोसली में 440, राजकीय आईटीआई कुंड-मनेठी में 464 तथा सैनिक परिवार भवन आईटीआई रेवाड़ी में 48 सहित 2832 सीटें उपलब्ध है, जबकि 12 प्राइवेट आईटीआई में 2500 सीटें है।

#### दाखिले के बाद छात्राओं को प्रोत्साहन

दाखिले के बाद छात्राओं को टूल किट खरीदने के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाती है। पासपोर्ट बनवाने के लिए भी वित्तीय सहायता का प्रावधान है। गर्ल्स प्रमोशन स्कीम के तहत छात्राओं को कोर्स अवधि के दौरान प्रोत्साहन राशि दी जाती है। नियमों और पात्रता के अनुसार पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति और मुफ्त बस पास की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी।

# पुलिस ने अब तक 84 नशा पीड़ितों की पहचान कर करवाया ईलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। ग्रामीणों को जागरूक करती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम के ग्रामीण दौरे लगातार जारी हैं। मंगलवार को नशा मुक्त टीम ने गांव सूबा सेडी व धरचाना में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। नशामुक्ति टीम ने मंगलवार को एक नशा पीड़ित व्यक्ति की काउंसलिंग कराकर रेवाड़ी के डी एडिक्शन सेंटर में भर्ती कराया। नशा मुक्ति टीम ने अब तक नशे से पीड़ित 266 लोगों की पहचान की है जो किसी न किसी प्रकार के नशे से पीड़ित थे। इसके अलावा 84 नशा पीड़ितों का इलाज कराया गया है।

नशा मुक्ति टीम से एएसआई जितेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। पुलिस के इस अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं, वहीं अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है, जिनका स्थानीय प्रशासन की मदद से इलाज कराकर उन्हें फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि नशा एक अभिशाप है, इसका सभी मिलकर बहिष्कार करें।

#### नशे के विरुद्ध युद्ध में पुलिस का सहयोग करें

एएसआई ने कहा कि अगर किसी के पास नशे संबंधी सूचना है कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे। उन्होंने गांव के नौजवानों और बच्चों से अपील करते हुए कहा कि वे नशे के विरुद्ध इस युद्ध में पुलिस का सहयोग करे। गांव में किसी भी परिवार में कोई भी व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस इसमें पूरा सहयोग करेगी।

### पुलिस ने बाहरी लोगों की पहचान के लिए चलाया सर्च ऑपरेशन



रेवाड़ी। मंगलवार को जिला पुलिस ने स्वैत टीम के साथ थाना खोल व मॉडल टाउन क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान के लिए विशेष सर्च अभियान चलाया। अभयान के दौरान पुलिस ने झुग्गी-झोपड़ियों, होटल, पोल्ट्री फार्म व अन्य स्थानों पर अवैध तरीके से रहने वाले संदिग्ध लोगों की जांच की। पुलिस टीम ने वहां पर रह रहे बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी ली तथा उनके पहचान पत्रों व वाहनों के कागजातों की भी जांच की। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। जिला पुलिस ने बाहरी लोगों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है और इस तरह का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। जिले में जो भी लोग बाहर से आकर रह रहे हैं, सुरक्षा की दृष्टि से उनकी पहचान होना अत्यंत आवश्यक है ताकि उनको वापस भेजने की प्रक्रिया की जा सकें।

## योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि एक संपूर्ण जीवन पद्धति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गांव टूमना स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में मंगलवार को पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के पहले दिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं एवं बच्चों ने योगाभ्यास किया। योगाचार्य योगेंद्र ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन पद्धति है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से प्राणायाम, योगासन एवं ध्यान करने से अनेक रोगों से बचाव होता है तथा मन को शांति और शरीर को ऊर्जा प्राप्त होती है।

#### ये रहे मौजूद

श्रीखाटू श्याम मंदिर कमेटी के प्रधान दिनेश यादव, प्रदीप भगत, नवीन मेहरा, वेदप्रकाश, मास्टर पवन यादव, कैप्टन महेंद्र सिंह, विजय, दीपक जेई, मंदिर पुजारी रामनरेश शर्मा व दीपक शर्मा सहित मंदिर कमेटी के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## ढेहर का बालाजी ट्रेन के सुधराना रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग

- सुधराना स्टेशन से लगभग एक दर्जन गांवों के लोग यात्रा करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

सुधराना रेलवे स्टेशन के आसपास के एक दर्जन गांवों की पंचायतों ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर गाड़ी संख्या 14705 भिवानी से ढेहर का बालाजी व गाड़ी संख्या 14706 ढेहर का बालाजी से भिवानी का सुधराना रेलवे स्टेशन पर ठहराव कराने की मांग की है। सुधराना, जुड्डी, लिलोढ, गोरिया, झासवां, धनिरवास, ढाणा, साल्हावास, साल्हावास की ढाणी, नाहड़ और कोहारड़ गांवों की ग्राम पंचायतों ने रेल मंत्री को भेजे पत्र में कहा कि सुधराना स्टेशन से लगभग एक दर्जन गांवों के लोग यात्रा करते हैं। सुधराना रेलवे स्टेशन रेवाड़ी से हिसार सेक्शन पर रेवाड़ी से 34 किलो मीटर की दूरी पर है।

कुछ समय पूर्व गाड़ी संख्या 14725 भिवानी से मथुरा का सुधराना रेलवे स्टेशन पर पहुंचने का समय सुबह 5:45 बजे का था। इस गाड़ी में प्रतिदिन यात्रा करने वाले नौकरी पेशा लोग, जिन्हें रेवाड़ी, पटौदी रोड, गुरुग्राम, दिल्ली तथा जयपुर साइड जाना होता था, उनको रेवाड़ी से दूसरी गाडियां आसानी से मिल जाती थी, लेकिन बाद में उक्त गाड़ी के समय पर गाड़ी संख्या 14705 भिवानी से ढेहर का बालाजी चला दी गई और इस गाड़ी का सुधराना रेलवे स्टेशन पर ठहराव नहीं दिया गया।

गाड़ी संख्या 14725 भिवानी से मथुरा का समय सुबह 5:45 से बदलकर 6:45 कर दिया गया। सुधराना स्टेशन से 6:45 से पहले ऐसी कोई गाड़ी नहीं है, जिससे यात्री रेवाड़ी जंक्शन पहुंच सकें, जिसके कारण नौकरी पर जाने वाले यात्री समय पर अपनी ड्यूटी पर नहीं पहुंच पाते है।

ग्रामीणों ने कहा कि उपरोक्त गांवों के लगभग 600 जवान सेना में और 250 जवान अर्ध सैनिक बलों में सेवारत हैं। लगभग 200 दैनिक यात्री रेवाड़ी, पटौदी रोड, गुरुग्राम, दिल्ली, नारनौल, दादरी व भिवानी आदि शहरों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ग्राम पंचायतों ने रेल मंत्री से ढेहर का बालाजी गाड़ी का सुधराना स्टेशन पर ठहराव करने की मांग की है, जिससे क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सकें।

## अर्चिका ने हरियाणा राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



पंचकूला में सम्पन्न हुई प्रथम यूथ एवं तृतीय सीनियर हरियाणा राज्य ताइक्वांडों चैंपियनशिप में रेवाड़ी की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। अंडर-62 किलोग्राम वर्ग में प्रतिभाशाली खिलाड़ी अर्चिका ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया, वहीं अंडर-46 किलोग्राम वर्ग में गुंजन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। राज इंटरनेशनल स्कूल की पूर्व छात्रा अर्चिका इससे पूर्व भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं। उन्होंने स्कूल गेम्स नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक तथा सीनियर नेशनल ताइक्वांडों चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर हरियाणा और रेवाड़ी का नाम देशभर में रोशन किया।

## छात्रों को संवाद एक्टिविटी में बाजार, स्कूल और रास्ता पूछने के 3 मॉडल डायलॉग सिखाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। छात्रों को जानकारी देते हुए शिक्षक।

राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारतीय भाषा ग्रीष्म शिविर के दूसरे दिन की गतिविधियों का संचालन शिक्षाविद एवं साहित्यकार मनोज वशिष्ठ ने किया। प्राचार्य के मार्गदर्शन व स्कूल इंचार्ज डा. नम्रता सचदेवा की देखरेख में आयोजित शिविर में कक्षा 6 से 12 के 17 विद्यार्थियों ने 5 मार्गदर्शक शिक्षकों के साथ खेल और संवाद आधारित विधि से सक्रिय भागीदारी की। द्वितीय दिवस की थीम शहर और बातचीत रखी गई थी, जिसका समय 90-180 मिनट निर्धारित था। शिक्षाविद मनोज वशिष्ठ ने कहा कि आज के बच्चों ने साबित कर दिया कि भाषा रटने से नहीं, जीने से आती है। जब 17 बच्चे मानचित्र पर दिल्ली-मुंबई दिखाकर अपनी बात खुद के शब्दों में बोल रहे थे तब एनईपी-2020 का खेल द्वारा सीखना धरातल पर उतरता दिखा। बच्चों को संकोच से संवाद तक का सफर कराया गया और हरियाणवी बोली को हिंदी के साथ जोड़कर जड़ों से रिश्ता भी जोड़ा गया। एक्टिविटी की शुरूआत भारत दर्शन से हुई, जिसमें मानचित्र पर दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और जयपुर दिखाकर प्रत्येक शहर के लिए दो-दो लाइनें सिखाई गईं, जिसमें सही उत्तर देने पर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।बाजार-स्कूल में संवाद एक्टिविटी में बाजार, स्कूल और रास्ता पूछने के 3 मॉडल डायलॉग सिखाए गए। 2-2 बच्चों के जोड़े बनाकर 5 मिनट अभ्यास के बाद क्लास में रोल-प्ले कराया गया।

### भारतीय भाषा समर कैंप में छात्राओं को वास्तविक जीवन संवाद की दी जानकारी

कोसली। कोसली गांव के शहीद मेजर विकास यादव राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारतीय भाषा सात दिवसीय समर कैंप में छात्राओं को वास्तविक जीवन संवाद के बारे में जानकारी दी गई। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हुसैनपुर डा. सुरेंद्र कुमार ने छात्राओं को रोल प्ले के माध्यम से खरीदारी, होटल में खाना आर्डर करना, बस स्टाप पर रास्ता पूछना और ट्रैफिक नियम समझना एवं वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत करना जैसे जीवन के वास्तविक संदर्भों के बारे में समझाया गया। प्राचार्य अनूप सिंह ने छात्राओं को वर्चुअल टूर के माध्यम से आगरा, मनाली आधुनिक सांस्कृतिक धरोहरों का भ्रमण के साथ साथ बुक स्टाल लगाकर वास्तविक जीवन संवाद भी कराया। वरिष्ठ प्रवक्ता बाल योगेश्वर ने बताया कि भारतीय भाषा समर कैंप का उद्देश्य अभिव्यक्ति शैली को मजबूत करना और विद्यार्थियों के व्यवहार को भारतीय संस्कृति के अनुसार सामाजिकता के व्यवहार से परिचित कराना है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी सुभाष चन्द्र, मनीषा, अनीता, पुष्पा, भूपेंद व लता सहित अनेक स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



## आरपीएस स्कूल कोसली के विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



आरपीएस स्कूल कोसली के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने देश की सबसे प्रतिष्ठित एवं चुनौतीपूर्ण इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा नेहा गांव जैतपुर, शुभम गांव खेड़ी, प्रिंस गांव जैतपुर, समीर गांव जटवाड़ा, नवनीत कुमार गांव नीलाहेड़ी, जतिन गांव झाल तथा रूपेश गांव औलांत ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के अध्यक्ष श्रीभगवान यादव, निदेशक हंसराज यादव तथा प्राचार्या अंजू यादव ने सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जेईई एडवांस्ड जैसी राष्ट्रीय स्तर की कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त करना विद्यार्थियों की लगन, अनुशासन, कठिन परिश्रम तथा शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। अध्यक्ष श्रीभगवान ने कहा कि स्कूल का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को परीक्षा उत्तीर्ण कराना नहीं, बल्कि उन्हें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने योग्य बनाना है। निदेशक हंसराज ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी लगातार जेईई, नीट, सीयूईटी, एनडीए तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर रहे हैं। प्राचार्या अंजू यादव व शिक्षकों ने विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।


रेवाड़ी। बारहवीं की स्टेट टॉपर दीपिका मेघवाल को सम्मानित करते हुए डीसी व अन्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### हजरस ने हरियाणा बोर्ड दसवीं व बारहवीं की स्टेट टॉपर छात्राओं का किया सम्मान

- मुख्यातिथि डीसी अभिषेक मीणा ने दोनों छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

रेवाड़ी। हरियाणा अनुसूचित जाति अध्यापक संघ हजरस की ओर से जाट धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा बोर्ड कक्षा 12वीं व 10वीं की स्टेट टॉपर छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि डीसी अभिषेक मीणा ने दोनों छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि एसडीएम लक्ष्मीनारायण फिरोजपुर झिरका ने बच्चों को संदश देते हुए कहा कि कुछ बेहतर करने की लगन व समर्पण हो तो कोई भी मंजिल हासिल की जा सकती है, वहीं बावल एसडीएम संजीव कुमार ने बच्चों को नंबर गेम न पड़ने की बजाय कौशल व अपनी रुचि के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की सलाह दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता हजरस के राज्य प्रधान डा. दिनेश निम्बडिया ने की। हजरस की ओर से दोनों छात्राओं को नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। बारहवीं की टॉपर रेवाड़ी निवासी दीपिका मेघवाल और दसवीं की टॉपर दीपिका भिवानी को एक लाख एक हजार-एक लाख एक हजार रुपये के चेक भेंट किए गए। इस मौके पर डीईईओ प्रदीप दहिया, डीपीसी संतोष तंवर, डिप्टी डीईओ अरविंद कुमार, हजरस के संस्थापक नरेश कुमार, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य व शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम में राज्य कार्यकारिणी की ओर से महासचिव विनोद मोहड़ी व राज्य खजांची राजेश पेटवाड़ सहित 18 जिलों से जिला प्रधान अपनी कार्यकारिणी सहित उपस्थित थे। हजरस के जिला प्रधान सुमेर सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

शिविर का उद्घाटन राजेश बाई एवं प्रो. सुनील कुमार ने किया

## नियमित योगाभ्यास से जीवन में ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार होता: राजेश बाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली


रेवाड़ी। शिविर में योगाभ्यास करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में गांव कोसली में मंगलवार को पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन महिला पतंजलि योग समिति की तहसील प्रभारी राजेश बाई एवं प्रो. सुनील कुमार ने किया। मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि योग शिविर 5 जून तक प्रतिदिन प्रातः 5:30 बजे से 7 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाकर स्वस्थ, निरोग एवं संस्कारित समाज के निर्माण में योगदान देना है। साथ ही आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दृष्टिगत अधिक से अधिक लोगों को नियमित योगाभ्यास से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर के प्रथम दिवस पर राजेश बाई ने साधकों को योगिंग-जॉगिंग, सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न योगासन एवं प्राणायामों का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाने का कार्य करता है। नियमित योगाभ्यास से अनेक रोगों से बचाव संभव है तथा जीवन में सकारात्मकता और ऊर्जा का संचार होता है।

इस अवसर पर प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में तनाव, अनियमित जीवनशैली एवं बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के बीच योग एक प्रभावी एवं सरल समाधान है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया।

#### ये रहे मौजूद

शिविर में जसवंत सिंह फौजी, प्रवक्ता प्रहलाद सिंह, राजबाला, कमला, सुशीला, सरोज, कांता, मुकेश, सुषमा व सरला सहित अनेक योग साधक मौजूद थे।

## सोमनाथ तीर्थ दर्शन के लिए 6 जून तक करें पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की ओर से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत प्रदेश के पात्र वृद्धजनों को गुजरात स्थित पवित्र सोमनाथ मंदिर के निःशुल्क दर्शन के लिए स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह स्पेशल ट्रेन 8 जून को कुरुक्षेत्र से सोमनाथ के लिए रवाना होगी। ट्रेन को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सोमनाथ तीर्थ दर्शन यात्रा की तैयारियों व पात्र लोगों को योजना का लाभ लेने के लिए मंगलवार को सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के एम पांडूरंग ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के उपायुक्तों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वीसी के बाद डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि इस यात्रा में शामिल होने के इच्छुक पात्र लाभार्थी 6 जून तक पोर्टल सरलहरियाणा.जीओवी इन पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। यात्रा के लिए सीमित सीटें उपलब्ध हैं। सभी लाभार्थियों का फिटनेस मेडिकल सर्टिफिकेट अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। साथ ही लाभार्थी हरियाणा का मूल निवासी हो तथा उसकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये से कम होनी चाहिए।

डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत जो वृद्धजन पिछले 3 वर्ष के अंदर इस योजना का लाभ ले चुके हैं। वे इस योजना के तहत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर जाने के पात्र नहीं होंगे।


रेवाड़ी। वीसी पर जानकारी लेते डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि